कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/मा–स/22422/पल्स पोलियो/2004–19/374 दिनांकः 18.02.2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा

विषय :– राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस दिनांक : 10 मार्च, 2019 को आयोजित होने पर सहयोग करने बाबत।

प्रसंग :– निदेशक (आरसीएच), निदेशालय, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, जयपुर का पत्र क्रमांक : इम्यू/पल्स पोलियो अभियान (140)/2018–19/3334 दिनांक : 01.02.2019 एवं विभाग का समसंख्यक पत्रांक 371 दिनांक : 08.01.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि विभाग के पूर्व प्रासंगिक पत्र द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस दिनांक : 03 फरवरी, 2019 को आयोजित होने पर सहयोग करने बाबत् लिखा गया था। भारत सरकार द्वारा दिनांक : 03 फरवरी. 2019 को आयोजित किये जाने वाला राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस अपरिहार्य कारणों से कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था। निदेशक (आरसीएच), निदेशालय, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, जयपुर के प्रासंगिक पत्र के अनुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस दिनांक : 10 मार्च, 2019 को आयोजित किया जा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि 10 मार्च, 2019 में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में गत चरणों की भांति सहयोग प्रदान करने का श्रम करें जिससे भारत देश को निरन्तर पोलियो मुक्त बनाये रखा जा सके।

शेष निर्देश पूर्व प्रासंगिक पत्र के अनुसार यथावत रहेंगे।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक (आर.सी.एच.), चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, राजस्थान, जयपुर।
2. उप शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान,जयपुर को सूचनार्थ।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर